सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल

वसुंधरा, गाज़ियाबाद

सत्र २०२०-२०२१

हिंदी अभ्यास-कार्यपत्र

---

1) क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय की जानकारी मिले उसे---------- कहते हैं।

(i) विशेषण (ii) सर्वनाम (iii) काल (iv) वर्ण

2) काल के ---------- भेद होते हैं।

(i) दो (ii) तीन (iii) चार (iv) पाँच

3) भूतकाल का अर्थ ---------- होता है।

(i) आने वाला समय (ii) बीता हुआ समय (iii) चल रहा समय (iv) सभी समय

4) सदैव होने वाली क्रियाएँ किस काल में आती हैं ?

(i) वर्तमान काल (ii) भविष्यत् काल (iii) भूतकाल (iv) इनमें से कोई नहीं

5) 'संजय किताब पढ़ रहा है।' इस वाक्य में क्रिया क्या है?

(ii) संजय (ii) किताब (iii) पढ़ रहा है (iv) इनमें से कोई नहीं

6) 'बालक सो रहा है।' इस वाक्य में कर्म की पहचान कीजिए -

(ii) बालक (ii) सो (iii) रहा है (iv) कर्म नहीं है

7) इनमें से कौन-सी क्रिया सकर्मक नहीं है ?

(ii) डरना (ii) पढ़ना (iii) लिखना (iv) खाना

8) 'रवि कल कंप्यूटर खरीदेगा।' – यह वाक्य किस क्रिया का उदाहरण है?

(ii) सकर्मक क्रिया (ii) अकर्मक क्रिया (iii) दोनों (iv) इनमें से कोई नहीं

9) इनमें से कौन-सी क्रियाएँ स्वतः होती हैं ?

(i) किताब पढ़ना (ii) फुटबॉल खेलना (iii) तारों का चमकना (iv) खाना बनाना

10) सर्वनाम शब्दों का प्रयोग ..... के लिए किया जाता है।

i) संज्ञा ii) क्रिया iii) विशेषण iv) अविकारी

11) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं ?

i) 6 ii) 3 iii) 4 v) 5

12) निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग ..... के लिए किया जाता है।

i) मित्रों के लिए ii) दूसरों के लिए iii) अपने लिए iv) निजी कार्य के लिए

13) मैं .....सर्वनाम है।

i) मध्यमपुरुष ii) बहुवचन iii) उत्तमपुरुष iv) अन्यपुरुष

LIVEWORKSHEETS

14) कोई - ..... सर्वनाम है।

i) निश्चयवाचक ii) अनिश्चयवाचक iii) संबंधवाचक iv) संबोधनवाचक

15) घर में कौन है? – इस वाक्य में सर्वनाम की पहचान कीजिए -

i) पुरुषवाचक ii) अनिश्चयवाचक iii) निजवाचक iv) प्रश्नवाचक

16) मैं अपने-आप चला जाऊँगा। - इस वाक्य में अपने-आप सर्वनाम के किस भेद में आता है?

i) निजवाचक ii) पुरुषवाचक iii) प्रश्नवाचक iv) निश्चयवाचक

प्रश्न २ - उचित क्रिया-विशेषण चुनकर निर्देशानुसार वाक्य पूरे कीजिए -

भीतर	**सुबह**	**अचानक**	**जल्दी**	**खूब**

क) आज हम ---------- हँसे। (परिमाणवाचक)

ख) प्रश्न का उत्तर ---------- से दो । (रीतिवाचक)

ग) आज बाज़ार में ---------- धमाका हुआ । (रीतिवाचक)

घ) मेरे पिता जी ---------- सैर के लिए जाते हैं । (कालवाचक)

ङ) तुम ---------- क्या कर रहे थे ? (स्थानवाचक)

प्रश्न ३. क्रियाविशेषण शब्दों को सही शीर्षक के नीचे लिखिए -

तेज़, थोड़ा, तुरंत, दाएँ, अभी, सदा, बाहर, अधिक, बहुत, अचानक, निरंतर, नीचे

रीतिवाचक	**कालवाचक**	**स्थानवाचक**	**परिमाणवाचक**
---	---	---	---
---	---	---	---
---	---	---	---

LIVEWORKSHEETS

प्रश्न ४. **प्रश्न-४ कोष्ठक में दिए गए विशेषण शब्द आपस में मिल गए हैं, उन्हें विशेषण के भेदों के आधार पर अलग-अलग कीजिए-**

बुद्धिमान बच्चा , यह घर , मीठा आम, दो पुस्तकें, आठ मीटर, इस कार, एक लीटर, कुछ कपड़े, तीस विद्यार्थी, थोड़ी चीनी, चालाक चोर , ये किताब

गुणवाचक	संख्यावाचक	परिमाणवाचक	सार्वनामिक
---	---	---	---
---	---	---	---
---	---	---	---

LIVEWORKSHEETS